RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

# नागौर डेली न्यूज

Email. nagaurdaily0@gmail.com

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 296 | नागौर, 03 अक्टूबर, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## पीएम मोदी ने किया महात्मा गांधी के आदर्शों को याद, बोले- यह गांधी जयंती इसलिए है खास

नई दिल्ली।

देश में आज राष्ट्रपति महात्मा गांधी की 153वीं जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर पूरा देश आज राष्ट्रपति महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी राष्ट्रपति महात्मा गांधी को याद किया। पीएम मोदी ने बापू से जुड़ा एक वीडियो संदेश साझा किया। उन्होंने देशवासियों से बापू के विचारों को अपनाने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने खादी और हस्तशिल्प उत्पाद खरीदने का भी आग्रह किया।

### पीएम मोदी ने किया बापू को याद

दरअसल, पीएम मोदी ने ट्वीटर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि। यह गांधी जयंती और भी खास है, क्योंकि भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हम हमेशा बापू के आदर्शों पर खरा उतरें। मैं आप सभी से महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के रूप में खादी और हस्तशिल्प उत्पाद खरीदने का भी आग्रह करता हूं।



### पीएम मोदी ने राजघाट पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

बता दें कि पीएम मोदी राजघाट स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर भी पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### अंग्रेजों के खिलाफ फूंका था आजादी का बिगुल

उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। महात्मा गांधी अहिंसा में उनके अटूट विश्वास के लिए याद किया जाता है।

## राहुल बोले- महात्मा गांधी की विरासत को हथियाना आसान, लेकिन उनके पदचिह्नों पर चलना मुश्किल

बदनवालु (कर्नाटक)।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए महात्मा गांधी की विरासत को ''हथियाना'' आसान है, लेकिन उनके पदचिह्नों पर चलना मुश्किल है। राहुल ने एक खादी ग्रामोद्योग केंद्र का दौरा करने के बाद कहा कि महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा ने पिछले आठ वर्षों में असमानता, विभाजन और कड़ी मेहनत से हासिल की गई आजादी का क्षरण किया है। महात्मा गांधी ने 1927 में इस केंद्र का दौरा किया था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक बयान में कहा, ''हम भारत के महान सपूत को याद करते हैं तथा उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। हमारे इस स्मरण ने इस बात को और मर्मस्पर्शी बना दिया है कि हम भारत जोड़ो यात्रा के 25वें दिन में यात्रा पर हैं, ऐसी पदयात्रा जिसमें हम उनके अहिंसा, एकजुटता, समानता और न्याय के पथ पर चल रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जिस तरह से गांधी जी ने ब्रिटिश राज से लड़ाई लड़ी, वैसे ही हमने गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा से लड़ने की शुरुआत की है। इस विचारधारा ने पिछले आठ वर्ष में असमानता, विभाजन और कड़ी मेहनत से हासिल की गयी आजादी का क्षरण किया है। हिंसा तथा असत्य की इस राजनीति के खिलाफ, भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक अहिंसा और स्वराज के संदेश को फैलाएगी।'' राहुल ने कहा कि कांग्रेस की यात्रा भय, घृणा और विभाजन की राजनीति के खिलाफ भारतीय लोगों की शांत और दृढ़ आवाज है। उन्होंने कहा, ''सत्ता में बैठे लोगों के लिए गांधी जी की विरासत को हथियाना आसान है लेकिन उनके पदचिह्नों पर चलना कहीं ज्यादा मुश्किल है।'' कांग्रेस नेता ने एक प्रार्थना सभा में भी भाग लिया और खादी ग्रामोद्योग केंद्र में महिला बुनकरों से बातचीत की।



## कांग्रेस के खिलाफ बेरोजगार गुजरात में निकाल रहे दांडी मार्च



जयपुर।

गांधी जयंती के मौके पर राजस्थान के बेरोजगारों ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के बैनर तले गुजरात के पालनपुर से आज दांडी यात्रा की शुरुआत हुई है। जो 150 किलोमीटर का सफर तय कर अहमदाबाद कांग्रेस मुख्यालय पहुंचेगी। इस दौरान प्रदेश के 1100 से ज्यादा बेरोजगार राजस्थान सरकार की वादाखिलाफी का गुजरात में प्रचार करेंगे।

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने बताया कि प्रदेश के हजारों बेरोजगार अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही सरकार के अधिकारी और मंत्री हमसे लिखित समझौता तो कर रहे हैं। लेकिन उन्हें पूरा नहीं कर रहे जिसके खिलाफ अब हमने आर-पार की लड़ाई शुरू कर दी है।

इसलिए गुजरात चुनाव से पहले हम कांग्रेस की वादाखिलाफी का यहां प्रचार करेंगे। ताकि गुजरात की युवाओं को भी कांग्रेस की असलियत का पता चल सके। इसके साथ ही अगर सरकार ने अब भी हमारी मांग नहीं मानी। तो हम राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी विरोध करेंगे ताकि राजस्थान कांग्रेस की असलियत पूरे देश की जनता और कांग्रेस के आला नेताओं को पता चल सके।

## जोधपुर का जवान सिलीगुड़ी हादसे में शहीद एयरफोर्स स्टेशन पर दी गई श्रद्धांजलि

जोधपुर.

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में हुए एक सड़क हादसे में जोधपुर जिले के कोसाना के रहने वाले एयरफोर्स जवान धर्मेंद्र विश्नोई शहीद हो गए। धर्मेंद्र का एयरफोर्स में एयरमैन के तौर पर 2019 में चयन हुआ था। इसी साल 6 माह पहले ही धर्मेंद्र की शादी हुई थी। इधर धर्मेंद्र के शहीद होने की सूचना मिलते ही उनके पैतृक गांव कोसाना में शोक की लहर दौड़ गई। दोपहर 3 बजे उनकी पार्थिव देह तिरंगे के साथ में जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन लाई तो हर किसी की आंख नम हो गई। जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर सेना के जवानों ने शहीद धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद यहां से 60 किमी दूर उनके गांव कोसाना के लिए पार्थिव शरीर को रवाना किया गया। जहां उनका पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। धर्मेंद्र एयरफोर्स की 4 राज एयर स्कॉड्रन के कैडेट भी रह चुके हैं।



## जयपुर में जीजा ने साले का मर्डर किया : प्रॉपर्टी कारोबार में लेन-देन को लेकर विवाद, शराब पार्टी के बाद गला दबाया

**जयपुर।** जयपुर में जीजा ने अपने साले का गला दबाकर हत्या कर दी। कार में पहले शराब पार्टी हुई, उसके बाद पैसे के लेन-देन का विवाद हुआ।

साले की लाश कार में ही छोड़कर जीजा फरार हो गया। जयपुर की रामनगरिया पुलिस को शनिवार सुबह कार में उसकी लाश मिली थी। शनिवार दोपहर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसमें मौत का कारण गला दबाना सामने आया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। शनिवार देर रात जीजा को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## मल्लिकार्जुन खड़गे को शशि थरूर की चुनौती, उनके जैसा नेता कांग्रेस पार्टी में नहीं ला सकता बदलाव

नई दिल्ली।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढ़ती जा रही है। वर्तमान में मैदान में 2 उम्मीदवार इस वक्त दिखाई दे रहे हैं। एक ओर शशि थरूर हैं तो दूसरी ओर वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे हैं। अगर दोनों की ओर से नामांकन वापस नहीं लिया जाता है तो 17 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष पद का मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच होगा और उसके नतीजे 19 अक्टूबर को आएंगे। लेकिन दोनों की ओर से प्रचार शुरू कर दिया गया है। आज शशि थरूर ने अपने चुनावी प्रचार की शुरुआत करते हुए साफ तौर पर कहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी में बदलाव नहीं ला सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आपकी उम्मीद के मुताबिक पार्टी में बदलाव लाऊंगा।



अपने बयान में शशि थरूर ने साफ तौर पर कहा हम दुश्मन नहीं हैं, यह युद्ध नहीं है। यह हमारी पार्टी के भविष्य का चुनाव है। खड़गे जी कांग्रेस पार्टी के टॉप 3 नेताओं में आते हैं। उनके जैसे नेता बदलाव नहीं ला सकते और मौजूदा व्यवस्था को जारी रखेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं की उम्मीद के मुताबिक बदलाव लाऊंगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने नागपुर में था कि मल्लिकार्जुन खड़गे का आत्मविश्वास अच्छा है। मुझे विश्वास है कि कुछ लोग भी हैं जो मेरी बात भी सुनेंगे।

### जेपी नड्डा ने किया भाजपा कार्यालय का उद्घाटनः ऊना में बोले

## पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाएं कार्यकर्ता, सतपाल सत्ती व बलबीर चौधरी संग नाचे

ऊना।

हिमाचल के ऊना के लालसिंगी में रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जिला भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस बीच पंडित जयदेव तिवारी ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा करवाई। ष्टरू जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, ग्रामीण विकास मंत्री वीरेंद्र कंवर, चिंतपूर्णी के विधायक बलबीर चौधरी, गगरेट के विधायक राजेश ठाकुर, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष सतपाल सत्ती और राज्य औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष प्रो. राम कुमार सहित कई अन्य नेता उपस्थित रहे।

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि देश भर में भाजपा के 512 नए कार्यालय भवन प्रस्तावित हैं। इनमें से हिमाचल में 17 कार्यालय बनाए जाने हैं। कहा कि अभी तक 212 कार्यालय भवन तैयार हो चुके हैं। जबकि 155 कार्यालयों का निर्माण कार्य जारी है।

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इन कार्यालयों के बनने के पीछे बड़ा प्लान रहा है। ऊना का कार्यालय भी भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ाने और कार्यकर्ताओं को सबल प्रदान करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय के बनने पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी।



### कांग्रेस पर भी खूब तंज कसे

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह पार्टी की ऑफिस नहीं, बल्कि कार्यालय है। जो कभी बंद नहीं होता है। जबकि ऑफिस तो सुबह 9 बजे खुलता और शाम 5 बजे बंद हो जाता है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता इस कार्यालय का सदुपयोग करते हुए पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर भी खूब तंज कसे। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यालय के सभागार में पार्टी नेता, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनावों को लेकर बैठक कर रहे हैं। इससे पहले जगत प्रकाश नड्डा, जयराम ठाकुर और अनुराग ठाकुर ने कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

### बैंड बाजे पर जमकर थिरके भाजपाई

इससे पूर्व जगत प्रकाश नड्डा के स्वागत के लिए भाजपा के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता नए कार्यालय भवन के बाहर काफी संख्या में जुटे थे। इस दौरान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष सतपाल सत्ती और चिंतपूर्णी के विधायक बलबीर चौधरी बैंड बाजे पर जमकर थिरके। उनके साथ पार्टी कार्यकर्ता भी खुद को नहीं रोक पाए और बैंड बाजे पर खूब नाचे। इसमें महिला कार्यकर्ता भी पीछे नहीं रहीं।

## एकनाथ शिंदे की जान को खतरा, बढ़ाई गई सुरक्षा

### सीएम बोले- मैं डरने वाला नहीं, अपना काम करता रहूंगा



नई दिल्ली।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान का खतरा है। खुफिया विभाग की रिपोर्ट के बाद उनकी सुरक्षा को बढ़ा दी गई है। खुफिया विभाग के ही रिपोर्ट में एकनाथ शिंदे की जान को खतरा बताया गया है। महाराष्ट्र के खुफिया आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की सुरक्षा और सख्त तौर पर बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जो हमें इनपुट मिले हैं उसी के आधार पर कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ तौर पर कहा है कि वह इस तरह की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं और अपना काम करते रहेंगे। अपने बयान में एकनाथ शिंदे ने साफ शब्दों में कहा कि महाराष्ट्र 7 मैं उस पर ध्यान नहीं देता। हमारे गृह विभाग और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस सक्षम हैं और हमें उन पर भरोसा है। मैं ऐसी धमकियों से नहीं डरूंगा, मुझे जनता के लिए काम करने से कोई नहीं रोक सकता। मैं उनके लिए काम करता रहूंगा। हालांकि, खुफिया विभाग की रिपोर्ट के बाद ठाणे में एकनाथ शिंदे की निजी आवास तथा उनके आधिकारिक आवास वर्षा की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। डुंबरे ने बिना विवरण साझा किए कहा कि विशिष्ट सूचना के बाद हमने आवश्यक कदम उठाए हैं और मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई है, जिन्हें 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है।

शिंदे पांच अक्टूबर को मुंबई के एमएमआरडीए मैदान में पहली बार दशहरा रैली को संबोधित करने वाले हैं। आपको बता दें कि जून-जुलाई में इस साल राजनीतिक उठापटक के बाद एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। शिवसेना से बगावत कर उनके साथ लगभग 40 विधायक आए। इसके बाद शिंदे ने भाजपा से गठबंधन किया। भाजपा के समर्थन के बाद एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने। वहीं उप मुख्यमंत्री की भूमिका देवेंद्र फडणवीस निभा रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में लश्कर आतंकी के पास एके-47 राइफल सहित ढेरों हथियार और गोला बारूद बरामद

जम्मू/श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया है। बसकुचन इमामसाहिब इलाके में चल रही मुठभेड़ में अब तक एक आतंकी को मार दिया गया है। अभी भी एक आतंकी के छीपे होने की खबर है। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

एडीजीपी कश्मीर ने बताया कि मारा गया आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी संगठन से जुड़ा था। उसकी पहचान नौपोरा बसकुचन शोपियां निवासी नसीर अहमद भट के रूप में हुई है। उसके पास से एके-47 राइफल, कई हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि वह कई आतंकी अपराधों में शामिल था और हाल ही में एक मुठभेड़ से भाग निकला था।



**बारामूला में जैश-ए-मोहम्मद के 2 आतंकी ढेर**-दो दिन पहले यानी 30 सितंबर को सुरक्षाबलों ने बारामूला में जैश-ए-मोहम्मद के 2 आतंकियों को मार गिराया था। एसएसपी बारामूला रईस मोहम्मद भट ने बताया कि ये आतंकी बारामूला में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली पर हमला करने की प्लानिंग कर रहे थे। उन्हें भर्ती रैली विफल करने का टारगेट दिया गया था। इस रैली में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में युवा पहुंचे हैं।

**गृहमंत्री अमित शाह का जम्मू-कश्मीर दौरा**-केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी 4-5 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर आने वाले हैं। वे 4 अक्टूबर को राजौरी और 5 अक्टूबर को बारामूला में रहेंगे। अमित शाह के दौरे से पहले जम्मू-कश्मीर में 5 दिनों में 7 आतंकी ढेर किए गए हैं।

**घाटी में ऑपरेशन ऑल आउट जारी**-घाटी में ऑपरेशन ऑल आउट जारी है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले के अहवातू में मंगलवार को सुरक्षाबलों जैश के दो आतंकियों को मार गिराया था। इससे पहले सुरक्षाबलों ने सोमवार रात कुलगाम के वेस बटपोरा इलाके में एक आतंकी को मार गिराया था। आतंकी की पहचान पाकिस्तान निवासी अबु हुरैरा के रूप में हुई है, यह जैश का ए कैटेगरी का आतंकी था।

## सम्पादकीय

# दरबारी संस्कृति की जड़ें

नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को पिछले आठ सालों में एक चुनावी प्रभावशाली रथ में ऐसे परिवर्तित कर दिया है कि अभी से लोग कहते हैं दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में कि मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की संभावनाएं दिखने लगी हैं। किसी भी देश में जब एक ही राजनीतिक दल सत्ता में रहता है एक दशक से ज्यादा, उस देश में लोकतंत्र की जगह तानाशाही लेने लगती है। तानाशाही मेरी उम्र के पत्रकारों ने देखी है अपनी आंखों से इमरजेंसी के दौर में, लेकिन उस वक्त भी जब इंदिरा गांधी ने सारे बड़े राजनेताओं को जेल में डाल रखा था, इमरजेंसी का सख्त विरोध दिखता था देश में। न मीडिया का मुंह पूरी तरह बंद कर पाई थीं इंदिरा गांधी और न ही अपने राजनीतिक विरोधियों को चुप करा सकी थीं। ऊपर-ऊपर से जो शांति दिखती थी, वह इतनी खोखली थी कि अचानक कहीं न कहीं लोग निकल कर आ जाते थे इंदिराजी की नीतियों का विरोध करने।

इंदिराजी का पूरी तरह साथ दिया था सिर्फ उनके दरबारियों ने। दरबारियों की कमी नहीं थी। ऐसे कई लोग थे उस दौर में, जो दिन भर कोशिश करते थे किसी तरह या तो इंदिराजी के दरबार में जाकर माथा टेकने की या उनके बेटे के कदमों में जाकर गिरने की। दरबारी सभ्यता इतनी मजबूत थी कि ऐसी कई महिलाएं थीं, जो दिन भर कोशिश करती थीं अपने बच्चों को किसी तरह सोनिया गांधी के बच्चों से मिलाने की। आपातकाल के इस दौर में गांधी परिवार के दरबार की नींव का पत्थर रखा गया था। तबसे आज तक दरबार चलता आया है और इसलिए मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे लोग ही हैं, जो ऊंचाइयों तक हमेशा पहुंच जाते हैं। अशोक गहलोत को भी वफादार दरबारी माना जाता था। इनकी वफादारी पर इतना भरोसा था कांग्रेस के प्रथम परिवार को कि सोनिया गांधी ने जब आदेश दिया गहलोत साहब को कि राजस्थान छोड़ कर उनको कांग्रेस का अध्यक्ष बनना होगा, तो किसी ने सोचा ही नहीं होगा कि ये वफादार दरबारी कभी बगावत कर सकता है।

ऐसा जब हुआ तो ऐसी खलबली मच गई दिल्ली में कि जिनको राजनीति में रुचि नहीं है, उनको भी मालूम हो गया था कि सोनिया गांधी बहुत गुस्से में थीं गहलोत के साथ। सोनियाजी ने अपने घर बुलाए कमलनाथ जैसे बचे-खुचे महारथी। कहते हैं कि इन लोगों से मिलने के बाद फैसला लिया गया कि दिग्विजय सिंह को भारत जोड़ो यात्रा से वापस बुला कर गांधी परिवार के समर्थन से अध्यक्ष के चुनाव में उतारा जाएगा। फिर वे पीछे हटे और सामने आए खड़गे। फैसला शायद बदला गया, क्योंकि गांधी परिवार को वफादार सिपाही की जरूरत है।

मगर क्या इससे ज्यादा जरूरत कांग्रेस को नहीं है एक काबिल और जवान अध्यक्ष की? लगता नहीं है कि अस्सी वर्ष के खड़गे कांग्रेस को पुनर्जीवित कर पाएंगे और मोदी को राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती सिर्फ कांग्रेस दे सकती है। बिहार के मुख्यमंत्री खूब घूम रहे हैं इन दिनों विपक्षी राजनेताओं के घरों में। हर दूसरे दिन उनकी मुस्कुराती हुई तस्वीरें छपती हैं अखबारों में किसी न किसी विपक्षी राजनेता के साथ, लेकिन उनका यह अभियान बिना कांग्रेस के सफल नहीं हो सकता है। कांग्रेस बेशक आज इतनी कमजोर है कि कई राजनीतिक पंडितों ने इसका अंतिम संस्कार भी कर दिया हैं, लेकिन किसी को भूलना नहीं चाहिए कि अब भी भारतीय जनता पार्टी के बाद सबसे से ज्यादा वोट कांग्रेस को मिलते हैं, बावजूद इसके कि पिछले आठ सालों में तकरीबन हर चुनाव हार चुकी है।

# सिर्फ चीतों के पुनर्वास से कम नहीं होगा वन्यजीवों पर मंडरा रहा विलुप्ति का खतरा

**कभी बाघों को घर कहे जाने वाले भारत में वर्ष 1947 तक बाघों की संख्या करीब 40 हजार थी। जुलाई 2022 में सेंसस के मुताबिक बाघों की यह संख्या अब 4500 रह गई है। बाघों का सिकुड़ना मुगल काल से शुरू हुआ और अंग्रेजों ने इसे लगभग विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया। सन 1875 से 1925 की अवधि में करीब 80 हजार बाघों का शिकार किया गया। मौजूदा वक्त में संख्या में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद बाघों के मरने का सिलसिला थम नहीं रहा है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा लोकसभा को दी गई जानकारी के मुताबिक वर्ष 2019 से वर्ष 2022 में जुलाई तक 402 तक बाघों को जान गंवानी पड़ी है। कोरोना काल भी वन्यजीवों के लिए भी अभिशाप साबित हुआ है। वन्यजीव व्यापार निगरानी नेटवर्क (ट्रैफिक) के मुताबिक लॉकडाउन के दौरान शिकार की 88 घटनाएं सामने आईं। लॉकडाउन में नौ तेंदुओं का शिकार किया गया।**



**करीब** 70 साल पहले शिकार के चलते विलुप्त हुए चीतों को नाम्बिया से लाकर उनका पुनर्वास कर दिया गया। इसे एक उपलब्धि करार दिया जा रहा है। लेकिन सिक्के का दूसरा पहलू वन्यजीवों की दर्दनाक तस्वीर पेश करता है। भारत दुनिया में सबसे विलुप्तप्राय: प्रजातियों का प्रमुख क्षेत्र बन गया है। पिछली कुछ शताब्दियों के भीतर 5 प्रमुख भारतीय जानवर विलुप्त हो चुके हैं। इनमें द इंडियन ऑरोच, गुलाबी सिर वाली बत्तख, हिमालयी बटेर, मालाबार सिवेट बिल्ली और दक्षिण-पूर्व एशिया में सबसे व्यापक गैंडा प्रजातियों में से एक जावन राइनो शामिल है। 2016 में इंडिया वाटर पोर्टल पर छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, पेड़-पौधों की 384 विलुप्त हो चुकी हैं। वहीं मछलियों की 32, उभयचर की 2, सरीसृप की 21, बिना रीढ़ वाले जन्तु की 98, पक्षी की 113, स्तनधारी की 83। इन आंकड़ों के मुताबिक, कुल 724 प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की लाल सूची के अनुसार विलुप्त प्राय: प्रजातियों में एशियाटिक लायन (बब्बर शेर), बंगाल टाइगर, भारतीय हाथी, हिम तेंदुआ, भारतीय गैंडा, कृष्ण मृग, तिब्बती हिरन, गंगा नदी की डॉल्फिन, सबसे बड़े कलाबाज के नाम से मशहूर हूलाक गिब्बन, नीलगिरि लंगूर, जंगली उल्लू, जंगल गधा और शेर मकॉक बंदर प्रमुख रूप से शामिल हैं। खतरे में पड़े जीवों की सूची में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण), जेर्डोन कर्सर, हिमालय मोनल तथा अप्रवासी लाल सिर वाला सफेद सारस भी शामिल है।

देश के वन्यजीवों पर दोहरा खतरा मंडरा रहा है। एक तरफ शिकार और उनके लगातार घटते प्राकृतिक आवास और दूसरी तरफ दुर्घटनाओं से वन्यजीवों के मारे जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। देशभर में बिजली के करंट से हाथियों की मौत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका के मुताबिक वर्ष 2009 से 2020 के बीच कुल 741 हाथियों की मौत हुई। इसके अलावा वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2009-10 से वर्ष 2020-21 की अवधि में 186 हाथियों की मौत रेलों से टकराने से हुई। वन्यजीवों के शिकार पर अंकुश लगाने में सरकारी एजेंसियां लगभग नाकाम रहीं हैं। कुख्यात चंदन और वन्यजीव तस्कर वीरप्पन ने करीब 2 हजार हाथियों को मौत के घाट उतारा था। बांग्लादेश और भारत के सुंदरवन मैंग्रोव वन क्षेत्र में 70 लुप्तप्राय बाघों की हत्या करने वाला कुख्यात शिकारी हबीब तालुकदर उर्फ टाइगर हबीब 20 साल की गई खोज के बाद पकड़ा गया। उत्तर भारत के कुख्यात वन्यजीव शिकारी संसार चंद ने सीबीआई के समक्ष 470 बाघ की खाल और 2,130 चीते की खाल नेपाल और तिब्बत के खरीदारों को बेचने की बात कबूल की थी। संसार चंद के गिरोह ने अलवर स्थित सरिस्का अभ्यारण्य से करीब 40 से अधिक बाघों का शिकार कर बाघों का नामोनिशान मिटा दिया था। रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से बाघ लाकर सरिस्का में फिर से बाघों का पुनर्वास किया गया है।

इतना ही नहीं भारत वर्तमान में वन्यजीव तस्करी में शीर्ष 20 देशों में और हवाई मार्ग द्वारा वन्यजीव तस्करी में शीर्ष 10 देशों में शुमार है। डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) के स्मगलिंग इन इंडिया रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार तस्करी में सर्वाधिक हाथी दांत, कछुए (विशेषकर भारतीय तारा कछुआ) और लाल चंदन जब्त किया गया। फिलहाल भारत से गैंडे के सींग के व्यापार में गिरावट आई है। हालांकि, देश तेजी से पैंगोलिन के अवैध शिकार और तस्करी का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। बाघ के अंगों का व्यापार भी बेरोकटोक जारी है। पूर्वोत्तर भारतीय शहरों जैसे दीमापुर, गुवाहाटी और इंफाल का उपयोग एक पारगमन स्थल के रूप में किया जा रहा है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर पक्षियों और सरीसृपों की तस्करी भी बड़े पैमाने पर होती है। पशु-पक्षियों की प्रजातियों के खतरे के लिए प्राथमिक कारणों में पेड़ों का कटान, खनन और कृषि जैसी मानवीय गतिविधियां एवं शिकार शामिल है। इससे इनका विचरण क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
आप का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी। आप आज थोड़े क्रोधित रहेंगे, जिससे काम बिगड़ सकते हैं।

### वृषभ
आज का दिन सावधानी पूर्वक गुजारें। आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है। शारीरिक रूप से थकान और मानसिक रूप से व्याकुलता का अनुभव करेंगे।

### मिथुन
आज आप मौज-शौक और मनोरंजन में रुचि लेंगे। मित्रों तथा प्रियजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बना सकेंगे। सार्वजनिक जीवन में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। मैरीड कपल के बीच रोमांस बढ़ेगा।

### कर्क
भाग्य आपके साथ होने से आपका आज का दिन आनंद और सफलता का बना रहेगा। नौकरी करने वालों के ऑफिस का वातावरण अच्छा रहेगा। आपके अधीनस्थ लोगों और ननिहाल से लाभ प्राप्त हो सकेंगे।

### सिंह
आज आप तन-मन की स्वस्थता महसूस करेंगे। साहित्य के क्षेत्र में कुछ नया लिखने की प्रेरणा आपको होगी। किसी प्रिय व्यक्ति से मिल सकेंगे। आपकी संतान आपको अच्छे समाचार दे सकती है।

### कन्या
आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा। सामाजिक कार्यक्रम में मानहानि हो सकती है।

### तुला
आज मांगलिक प्रसंग तथा प्रवास की योजना बन सकती है। सहोदरों के साथ पारिवारिक प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। विदेश में बसने वाले स्वजनों की तरफ से आनंद का समाचार प्राप्त होगा। आज नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### वृश्चिक
परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अतः ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। गलत खर्च न हो इसका ध्यान रखें। तन-मन में बैचेनी रहा करेगी।

### धनु
आज व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। विदेश स्थित व्यापार से लाभ होगा। आपके हाथ से धार्मिक एवं मांगलिक काम होंगे। स्नेहीजनों और मित्रों का मिलन आनंदित करेगा। जीवनसाथी से सुख और आनंद मिलेगा।

### मकर
स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक व्यवहार में वृद्धि होगी। शत्रुओं से परेशानी होगी।

### कुंभ
मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। गृहस्थजीवन और दांपत्यजीवन में सुख और संतोष की भावना का अनुभव होगा। मित्र मंडल तथा बुजुर्गों की ओर से लाभ मिलेगा।

### मीन
आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ होगा। आर्थिक लाभ और परिवार में आनंद छाएगा।

## नागौर आस-पास समाचार

# महात्मा गांधी ने कहा था 'भारत की आत्मा गांवों में बसती है, गांव के विकास से देश का विकास संभव' : सरपंच मनोज लोरा



### शहीद किस्तुराराम राम मावलिया खेल मैदान का किया शिलान्यास

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** समीपस्थ ग्राम पंचायत नगवाड़ा के गांव मोतीपुरा में गांधी जयंती के अवसर पर बरगद के पेड़ के नीचे सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु ग्रामीणों से सुझाव मांगे गए।

इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश धायल ने महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पंचायत की वार्षिक कार्य योजना ग्रामीणों के समक्ष बताई व सभी परिवारों को चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़वाने के लिए जागरूक किया।

मनरेगा योजना से बनने वाले खेल मैदान की नींव का मुहूर्त विधि विधान से पूजार्चना कर किया गया। गांव मोतीपुरा में जल जीवन मिशन योजना के घर-घर नल कनेक्शन की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक सांवर मीणा, वार्ड पंच पूरण जांगिड़, महावीर मावलिया, सुखाराम किलका, बजरंग लाल, नारायण भामू, अशोक पचार, प्रदीप कीलका, गोपाल श्रवन कालेर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बलात्कार व हत्या मामले में नामजद आरोपी युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

हुकमाराम ताडा

खीवंसर(नागौर डेली न्यूज) : खींवसर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका का बलात्कार कर उसकी हत्या करने के प्रकरण में पुलिस ने एक नामजद आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक को खींवसर शहर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 21 सितंबर 2022 की रात्रि में नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी गई थी।

थाना अधिकारी अशोक बिशू ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी नामजद युवक कानाराम नायक को गिरफ्तार किया है। इस टीम की कार्रवाई में भवानी सिंह डिप्टी नागौर, बलवीर सिंह हेड कांस्टेबल, प्रेमाराम हेड कांस्टेबल, लक्ष्मण राम कांस्टेबल, प्रकाश कांस्टेबल, थानाराम कांस्टेबल सहित शामिल रहे।

# हवन यज्ञ में 41 जोड़ों ने दी आहुतियां

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को गांव मोड़ीकलाँ में मेघवाल समाज की ओर से चल रहे नवरात्रा महोत्सव के तहत रामदेव मंदिर में हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच यज्ञ और हवन पंडालों में वेदी बनाकर किया गया। व्रतियों द्वारा तथा विभिन्न पंडालों में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हवन, कन्या पूजन के साथ महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें 41 जोड़ों ने आहुतियां दी।







# हथियार उपलब्ध कराने के आरोपी गिरफ्तार

## बिदियाद रॉयल्टी नाके पर फायरिंग कर दशहत फैलाने का प्रकरण



सुनील सोनी

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** रॉयल्टी नाका बिदियाद पर पिछले दिनों हुई फायरिंग में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद परबतसर पुलिस ने आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने के जुर्म में एक आरोपी भूपेंद्र सिंह उर्फ भुप्पी को बीकानेर से गिरफ्तार किया। फायरिंग प्रकरण में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। परबतसर पुलिस थाना की गठित टीम की तफतीश से पाया गया कि करधणी थाना के एचएस शिवराज सिंह जो करीब एक माह पहले 3 साल जैल में बन्द रहकर जमानत के बाद गांव आया। तब मुलजिम राकेश गुर्जर व सुर्यभान सिंह को साथ ले जाकर रॉयल्टी नाका कर्मचारियों को धमकी दी कि रॉयल्टी नाका हमें सुपुर्द कर दो वरना देख लेंगे। तत्पश्चात शिवराजसिंह अपने दोस्त आरोपी भुपेन्द्रसिंह उर्फ भूप्पी के साथ मिलकर षडयंत्र रचकर एक पीस्टल मय कारतुस व एक 315 बोर देशी कट्टा आरोपी राकेश गुर्जर व सुर्यभानसिंह को उपलब्ध करवाये, जिन्होंने शिवराजसिंह व भुपेन्द्रसिंह उर्फ भूप्पी की योजनानुसार 25 सितंबर 2022 को शाम करीब 8.30 बजे रॉयल्टी नाका बिदियाद के कर्मचारियों पर अन्धाधुन फायरिंग कर जान लेवा हमला करने की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के सूत्रधार शिवराजसिंह,राकेश गुर्जर व सूर्यभान को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। वारदात के लिए हथियार उपलब्ध कराने वाले भुपेन्द्रसिंह उर्फ भूप्प को गिरफ्तार किया गया।

**अब तक चार हुए गिरफ्तार**

# कृष्णा महाविद्यालय रताऊ में सर्व धर्म सभा का हुआ आयोजन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** कृष्णा महाविद्यालय व कृष्णा स्कूल रताऊ में सर्व धर्म सभा का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की भाषण, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पँचायत समिति लाडनूं प्रधान हनुमान कासनियां उपस्थित रहे, साथ में निदेशक जगदीश कासनियां ने व प्रधान भाषण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल कासनियां ने गांधी के जीवन दर्शन व विचारों पर विशेष प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को जीवन में गांधीजी के विचारों को अपनाने का आह्वान किया।

# जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी पर रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

## शिविर के बैनर का किया विमोचन




सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक़ मौके पर शहर की सामाजिक संस्था मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफ़ेयर सोसायटी के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। सोसायटी के सेकेटरी अकीक अहमद उस्मानी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी सोसायटी जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर अपना 12वॉं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन शहर के हौद का दरवाजा के पास गुलाब बाड़ी में स्थित इस्लामिया बालिका विद्यालय में प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक करेगी, जिसका सोसायटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को राजकीय चिकित्सालय के परिसर में प्रमुख चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉक्टर प्रहलाद राम बाजियाँ, डॉक्टर शकील अहमद राव, डॉक्टर वी.के.गुप्ता, डॉक्टर सलीम मोहम्मद राव, डॉक्टर इशाक मोहम्मद देवड़ा, लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा द्वारा रक्तदान शिविर के बैनर का विधिवत विमोचन किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील, सेकेट्री अकीक अहमद उस्मानी, खजान्ची इमरान खान, मोहम्मद हबीब मौलानी, सरवर तंवर, इकबाल खान, आरिफ़ टॉक, अब्दुल हमीद आरबी, जावेद कलाल, सरवर खान आदि उपस्थित थे। सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील ने शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं व सगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं सहित सभी रक्तदाताओं से इस रक्तदान शिविर में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# गांधी जयंती पर लाडनू में हुए अनेक कार्यक्रम

## केसरदेवी में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** उपखण्ड के गांधी चौक पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। इस मौके पर एसडीएम ने गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजकीय केशरदेवी बालिका स्कूल में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चो द्वारा निबन्ध, चार्ट, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। लाडनूँ उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार ने बालिकाओं को मेडिकल विभाग की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों को इसके बारे में जागरूक किया। प्रिंसिपल ओमशंकर गर्वा ने प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत करवाया।

तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर ने गांधी दर्शन से जुड़े पहलू साझा किए उन्होंने वर्तमान समय मे गांधी की अहिंसा शिक्षा को अपने जीवन मे आत्मसात करने की शिक्षा दी। इस मौके पर एसडीएम अनिल कुमार, तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर, सीबीईओ रामचंद्र भाटी, वन विभाग फॉरेस्ट अधिकारी भंवरलाल, जलदाय विभाग के एईएन रमनलाल चौधरी , डॉ. भरत पारीक , पार्षद सुमित्रा आर्य, पार्षद रेणु कोचर, केडीएस प्रिंसिपल ओमशंकर गर्वा, अध्यापक शिवशंकर बोहरा, आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। तहसील की राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल निम्बीजोधां, टैगोर स्कूल, मारवाड़ मिठड़ी उमावि में विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित कर प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान, दो टुकड़े हुआ शरीर



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा के निकटवर्ती क्षेत्र खजवाना रेलवे फाटक के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी, जिससे युवक के शरीर के दो टुकड़े हो गए।

कुचेरा पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। कुचेरा पुलिस टीम हेड कांस्टेबल पूसाराम, हेड कांस्टेबल रामस्वरूप, कांस्टेबल ओम प्रकाश, कांस्टेबल बलदेवराम ने शव को कब्जे में लेकर कुचेरा मोर्चरी में रखवाया। हेड कांस्टेबल पूसाराम ने बताया कि सूचना मिलने पर कुचेरा पुलिस मौके पर पहुंची, जिसे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचेरा लाया गया। मृतक के भाई रामनिवास ने रिपोर्ट दी कि रामप्रकाश पुत्र पांचराम लोमरोड उम्र 32 वर्ष निवासी खजवाना मानसिक संतुलन सही नहीं हो जाने की वजह से उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली कुचेरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# नागौर जिला वक्फ कमेटी के सदस्यों ने की नागौर दरगाह की जियारत

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर जिला वक्फ कमेटी के पदाधिकारियों ने दरगाह सूफी हमीदुद्दीन नागोरी के दर पर चादर व अकीदत के फूल पेश करके हाजिरी दी। वक्फ कमेटी के सदस्य इब्राहिम खान डेगाना ने बताया कि रविवार को वक्फ बोर्ड कमेटी के सदस्यों ने नागौर सूफी हमीदुद्दीन नागोरी के दर पर जाकर चादर चढ़ाई वह अकीदत के साथ फूल पेश किए। इस दौरान सभी सदस्यों ने दुआ भी की। वक्फ समिति के अध्यक्ष मुस्ताक खान के नेतृत्व में सभी ने दरगाह में जाकर दरगाह की जियारत की, साथ ही दरगाह वक्फ कमेटी ने जिला वक्फ कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का स्वागत किया।

# दो दिवसीय 'आदर्श नवरात्रा महोत्सव' धूमधाम के साथ सम्पन्न

## महाविद्यालय वर्ग में गरबा नृत्य में पूजा आचार्य प्रथम स्थान विद्यालय वर्ग में भाग्यश्री ने प्रथम स्थान

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आदर्श शिक्षण संस्थान कुचामनसिटी द्वारा आदर्श नवरात्रा महोत्सव के दो दिवसीय महोत्सव के तहत रंगारंग गरबा डांडिया नृत्यों की प्रस्तुतियों से बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। आदर्श नवरात्रा महोत्सव के दूसरे दिन मां नव दुर्गा की आरती में समाजसेवी मदनलाल कुलड़िया, रामदेव सिहोटा, डॉ. राजाराम प्रजापति, प्रबंध निदेशक, आदर्श शिक्षण संस्थान, योगेश कुमार जाखड़, निदेशक रमेश शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापत, डॉ. गौरीशंकर निमिवाल, प्राचार्य भंवरलाल चौधरी, मुकेश सोखल, आनंद कुमार वैष्णव, प्रधानाचार्य, आदर्श इंटरनेशनल स्कूल, बाबूलाल शर्मा, सुरेंद्र डोडवाड़िया, मुकेश ढाका ने आरती कर आदर्श नवरात्रा महोत्सव की शुरुआत की।

मां नव दुर्गा की आरती निशिकांत छिंपा, प्रदीप जोशी ने मंत्रोच्चार के साथ की। इस अवसर पर डॉ.राजाराम प्रजापति ने आदर्श गरबा महोत्सव के महत्व को बताते हुए मां नव दुर्गा की नवरात्रों की परंपरा, सनातन धर्म में माता रानी के प्रति श्रद्धा भाव आमजन में विश्वास को परिलक्षित करने वाले विभिन्न आयामों पर बात रखी।

**आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत :** इसी प्रकार आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के गरबा नृत्य जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान भाग्यश्री, द्वितीय स्थान पूजा तृतीय स्थान अजयपाल डांडिया नृत्य में भावना ने प्रथम स्थान आयुषी, द्वितीय स्थान जयश्री तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय गरबा नृत्य का संयोजन इंद्रा बुगालिया व चंचल कसेरा व डांडिया नृत्य का संयोजन सुमन चौधरी ने किया। महोत्सव में आदर्श महाविद्यालय व आदर्श इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों ने गरबा व डांडिया नृत्य कर आदर्श नवरात्रा महोत्सव में चार चांद लगा दिए। महोत्सव में प्रथम दिन निर्णायक की भूमिका निभाने वाले कोरियोग्राफर मोहित प्रजापति, किशोर कुमार भाटी, असराज ने गरबा, डांडिया नृत्य की दो प्रस्तुतियां दी। गरबा और डांडिया नृत्य में सर्वश्रेष्ठ रहने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित तथा सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** आदर्श गरबा महोत्सव में व्याख्याता अश्विनी यादव, अनिल सैन, मुकेश ढाका, निशिकांत छिपा, कुन्नाराम बेड़ा, राजीव शुक्ला, कृष्णा कुमावत, कंचन कँवर, मंजु चौधरी, पूनम कँवर, विपुल भटेजा, प्रदीप दाधीच, आकाश पारीक, देव गुर्जर, अनीता शर्मा, सुलोचना, सरोज मेघवाल, अनीता सैन, रजनी सैनी, निकिता सैन, नयूम नागौरी, अपर्णा जोशी, विष्णु माहेश्वरी,कैलाशचंद,विनोद बिश्नोई सहित कुचामन सिटी के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों,आगंतुकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अल्पाहार व मां दुर्गा का प्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव का संचालन छात्रा मोनिका मेघवाल व आरती गुर्जर ने संयुक्त रूप से किया।

# श्री टैगोर महाविद्यालय में विश्व अहिंसा दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 2 अक्टूबर रविवार को गांधी जयन्ती के अवसर पर श्री टैगोर महाविद्यालय में विश्व अहिंसा दिवस पर कार्यक्रम तथा सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय निदेशक सीताराम चैधरी व विशिष्ट अतिथि संस्था सचिव राजेश चैधरी रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीताराम चौधरी ने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी के जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि गांधी जी ने अहिंसा को चरितार्थ करने का साधन माना। अहिंसा एवं सत्य के समन्वय से हम संसार को झुकाने की क्षमता उत्पन्न कर सकते है। उन्होनें कहा कि वैश्विक स्तर पर आज गांधीवादी विचारो की सख्त आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजेश चौधरी ने कहा कि अहिंसा परम श्रेष्ठ मानव धर्म है। आज अहिंसा की बात अधिक होती है पर उस पर अमल कम हो रहा है। अहिंसा से विरोधी को भी मित्र बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय, जयपुर के निर्देशानुसार सर्वधर्म प्रार्थना में तीन प्रार्थनाओं का सामूहिक गायन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको ने विशेष योगदान दिया।

**गांधी के विचारो का केन्द्र बिन्दु अहिंसा रहा :** इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का व्यक्तित्व बहुमुखी था और उनके विचारो का केन्द्रीय बिन्दु सत्य व अहिंसा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में कार्यरत सभी व्याख्यातागण, अशैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# जिला परिषद् सदस्य कुमावत ने सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को भेंट किए शाला गणवेश



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुकनवाली में रविवार को भाजपा नेता बाबूलाल कुमावत पलाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा तथा अपने पिता गोमाराम कुमावत के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को शाला गणवेश वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरीश कुमावत, जिला पार्षद भामाशाह बाबूलाल कुमावत, चेतन गुर्जर, पार्षद बाबूलाल मारवाड़ा ने अपने हाथों से स्नेह पूर्वक विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किए। पूर्व विधायक हरीश कुमावत एवं जिला पार्षद बाबूलाल कुमावत पलाड़ा ने विद्यार्थियों से महात्मा गांधी के जीवन से सम्बन्धित आत्मीय चर्चा की तथा कहा कि महान बनने के लिए सादा जीवन-उच्च विचार आवश्यक है। संस्था प्रधान उर्मिता ने समागत अतिथियों का स्वागत किया वहीं अध्यापक बनवारीलाल पारीक ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 32 विद्यार्थियों को गणवेश वितरित की गई। कार्यक्रम में एस.एम.सी. के अध्यक्ष धर्मचंद रोहलन, कुमकुम, अंजूदेवी, वार्ड पंच फिरदोस बानो, हीना बानो, फरजाना बानो, रहीसा बानो, राकेश गांधी मौजूद थे।

# वाणिज्यिक न्यायालय ने जारी की अस्थाई निषेधाज्ञा

## मदन इंजीनियरिंग नाम व उत्पाद की कॉपी करने पर लगाई रोक

लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )।

लाडनूँ में पिछले लम्बे समय से दो कृषि यंत्र निर्माता फर्म के बीच पारिवारिक बंटवारे के बाद से चल रहे आपसी विवाद को लेकर कोर्ट ने अस्थाई निषेधाज्ञा जारी कर मुख्य फर्म मदन इंजीनियरिंग के प्रार्थी सज्जन कुमार को राहत प्रदान की है।

एडवोकेट नवीन पारीक व एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि वाणिज्यिक न्यायालय अजमेर ने आदेश जारी कर मदन इंजीनियरिंग वर्क्स के नाम से चल रहे कारखाने पर अस्थाई स्टे जारी कर मदन इंजीनियरिंग के नाम की कॉपी व समान उत्पाद निर्माण करने पर आगामी आदेशों तक पाबंदी लगाई है। आदेश में बताया गया कि प्रार्थी सज्जन जांगिड़ के आवेदन पर सुनवाई करते हुए वाणिज्यिक न्यायालय अजमेर के न्यायाधीश मधुसूदन राय ने आदेश जारी कर मदन इंजीनियरिंग वर्क्स फर्म का मिलता जुलता नाम, ट्रेड मार्क व लॉगो की कॉपी कर श्री मदन इंजीनियरिंग नाम से संचालित फर्म पर स्टे ऑर्डर जारी किया है।

आदेश के अनुसार मदनलाल जांगिड़ के देहांत पश्चात मांगीदेवी के बड़े पुत्र सज्जन कुमार जांगिड़ ही अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता रहे हैं। प्रार्थी ने इस नाम से लॉगो भी रजिस्टर्ड करवा रखा है। प्रोपराइटर सज्जन जांगिड़ की और से प्रस्तुत अस्थाई निषेधाज्ञा पर प्रार्थना पत्र आदेश 39 नियम 1 व 2 के अंतर्गत धारा 151 स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी विवेक जांगिड़ को मूल वाद के निस्तारण तक स्टे ऑर्डर से पाबंद किया जाता है वह मेसर्स मदन इंजीनियरिंग वर्क्स के समरूप मेसर्स मदन इंजीनियरिंग के नाम से प्रार्थी के समान उत्पाद का निर्माण व विक्रय कार्य नहीं करने के लिए पाबंद किया गया है।




# सिखवाल, कंदोई, ओझा समाज का संघ मां ब्रह्माणी के दर्शन के लिए हुआ रवाना

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शनिवार शाम को सिखवाल कंदोई ओझा समाज का संघ मां ब्रह्माणी के दर्शन के लिए पैदल जत्था हुआ रवाना। रामकिशोर कंदोई ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सिखवाल समाज के पुरुष एवं महिलाएं मां ब्रह्माणी के दर्शन के लिए पैदल यात्रा शुरू की यह पैदल यात्रा मूंडवा से शाम साढ़े छः बजे पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की।

इस दौरान बेनी गोपाल कंदोई उर्फ देवराज, गोविंद सिखवाल, अंकित कंदोई, मुकेश कंदोई, अभिषेक कंदोई, प्रकाश कंदोई, मोहित ओझा, सूरज कंदोई, रोहित कंदोई, गिरीराज, रवि, प्रिंस, परमानंद, विष्णु अन्य कार्यकर्ता महिलाओं में सरस्वती कंदोई, रेशमी, रवीना, अंकिता, भूमि, अनीता, अंजलि कंदोई, लक्ष्मी व अन्य महिलाएं साथ रवाना होगी।

# निमोद में ग्राम सभा का हुआ आयोजन



धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम निमोद के आईटी सेंटर में रविवार को महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर सरपंच कमला देवी की अध्यक्षता में व पंचायत समिति मौलासर के सहायक विकास अधिकारी चन्द्राराम की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सभी वार्ड पंच व सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम सभा में चिकित्सा-विभाग द्वारा चिरंजीवी योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इस योजना से वंचित से परिवारों को योजना में जुड़ने की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त कर सके । वही पशुपालन विभाग द्वारा वर्तमान में चल रही महामारी ( लम्पी स्कीन डिजेज) बिमारी की जानकारी देकर उससे पशुओं के बचाव के उपचार के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत में करवाये जाने वाले कार्य- वित्तिय वर्ष 2023-24 में करवाये जाने में के लिए प्रस्ताव मांगे गए । वही ग्राम सभा में दिपावली पर ग्राम पंचायत के सभी वार्डों एवं गलियों व चौकों में सफाई हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत हुए ।

# बेपरवाह सिस्टम : सड़क बनकर तैयार हुई नहीं उससे पहले ही जलदाय विभाग ने तोड़नी शुरू कर दी

## ठेकेदारों व विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को भुगतनी होगी परेशानी

### सड़क ठेकेदार ने नावां पुलिस थाने में देवेंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी जोधपुर पीएचईडी प्रोजेक्ट खण्ड मकराना के विरुद्ध करवाया मामला दर्ज

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** हेमपुरा से भूणी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किए हुए लगभग 7-8 माह हो चुके हैं। निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि को अभी 3 महीने का समय भी नहीं बीता है और सड़क का जगह-जगह से रिपेयर का कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री को लेकर कई बार सवालिया प्रशन खड़े किए गए। सड़क निर्माण होने के बाद पहली बारिश के साथ ही सड़क उखड़ने लगी जिसको लेकर मंदिर पुजारी कल्याण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष नारायण वैष्णव भूणी व ग्रामीणों द्वारा ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री काम में लेने और तय मानकों के अनुरूप कार्य नहीं करने का आरोप लगाया गया। सड़क की इस समस्या को लेकर समाचार पत्र में सड़क उखड़ने की खबरें कई बार प्रकाशित की गई, जिसको लेकर विभागीय अधिकारी व ठेकेदार ने वास्तविकता को देखकर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम राजकीय माध्यमिक विद्यालय के पास दो जगह सीसी ब्लॉक लगाए गए। व सड़क मैं बने गड्डों को रिपेयर का कार्य किया गया।

**सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि 16 जून 2022 :** ताज्जुब की बात यह है सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि के बाद 3 महीने से पहले ही रिपेयर करवाना चर्चा का विषय बन गया है। लाखों रुपए की लागत से बनी यह सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि 16 जून 2022 है, जिसको लगभग अभी 3 महीने भी नहीं हुए है बल्कि सड़क पर रिपेयर एवं कारिया लगाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। जो पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान हैं। यह ग्रामीणों मैं भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि मात्र 3 महीने में सड़क में गड्ढे होकर रिपेयर करना कहां तक न्याय संगत है? इस कार्य को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण कार्य में जमकर घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया है।

**कार्यवाही नहीं होने पर हौंसले बुलंद :** सड़क ठेकेदार ने 3 अगस्त 2022 को नावां पुलिस थाने में देवेंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी जोधपुर पीएचईडी प्रोजेक्ट खंड मकराना के विरुद्ध बिना अनुमति सड़क मार्ग तोड़ने के संबंध में कानूनी कार्रवाई करने हेतु मामला दर्ज करवाया लेकिन आज दिन तक कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से देवेंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी जोधपुर पीएचईडी के ठेकेदार के हौंसले बुलंद हो गए और बिना परमिशन के लगातार खुदाई कार्य जारी है। सड़क ठेकेदार किसान कांट्रेक्टर कुचामनसिटी राजू राम पुत्र उगमाराम जाट निवासी केरपुरा ने नावां थाने में मामला दर्ज कराया कि आबास से पाचोता होते हुए भूणी तक डामर पक्की सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण में साइडिंग में डामर डालकर करीबन काम पूर्ण किया जा चुका है, लेकिन देवेंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी जोधपुर पीएचईडी प्रोजेक्ट खंड के ठेकेदार ने बिना विभागीय परमिशन लिए अपनी मनमर्जी से साइडिंग डामर को तोड़ दिया है जिससे सड़क तो काफी नुकसान होगा व मुझे आर्थिक नुकसान होगा।

# रजाई गद्दे की दुकान में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाख

## लाखो रूपयों के रजाई-गद्दे व रुई जलकर हुई खाक

### शार्ट सर्किट के कारण हुआ हादसा

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के सदर बाजार स्थित एक रजाई-गद्दों की दुकान में रविवार को आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते लाखों रूपयों का माल जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण शार्ट-शर्किट होना बताया जा रहा है।

दुकान मालिक अयूब सोलंकी व अकरम सोलंकी ने बताया कि पलटन गेट के पास उनकी सौलंकी मैट्रेस नाम से दुकान है, जिसमें लाखों रूपयों के गद्दे, रजाईयां व रूई भरी थी। रविवार को प्रात: साढे नौ बजे के करीब शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने के बाद अंदर काम कर रहे एक कर्मचारी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया, अन्यथा जनहानि हो सकती थी। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ी भी पहुंची लेकिन पलटन गेट का निर्माण कार्य चलने के कारण रास्ता बंद होने के कारण काफी देर तक फायर बिग्रेड वहीं फंसी रही। करीब 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका तब तक करीब ढाई लाख रूपयों का सामान जल चुका था।

# रियांबड़ी में विश्वअहिंसा दिवस मनाया

## महात्मा गांधी को याद कर सर्वधर्म समभाव प्रार्थना का आयोजन किया



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को महात्मा गांधी के जन्म दिवस को विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर सर्वधर्म समभाव प्रार्थना का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा, गांधी दर्शन समिति के संयोजक माणकचंद पाराशर, ब्लॉक अध्यक्ष कालू खां, जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव रामकिशोर तिवाड़ी ने गांधीजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं गांधीजी के अहिंसा के सिद्धांत के बारे में बताते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। गांधी दर्शन समिति के सह संयोजक रामनिवास भाटी ने गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए सिद्धान्तों को अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़, सीबीईओ असलम अली, सरपंच गिरधारीलाल माली ने सर्वधर्म समभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**बाल गोपाल योजना का किया शुभारंभ :** गांधी जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए बाल गोपाल दुग्ध योजना का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बच्चों को दूध का वितरण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच सम्पतराज भाटी, अनवार मोहम्मद, राजूराम माली, डॉ हनुमानराम डूकिया, उपसरपंच सत्यनारायण वैष्णव, देवीसिंह बड़गुर्जर, कांग्रेस मीडिया प्रभारी सतार चौहान, सुखदेव भाटी, मुरलीधर बीजाथल, इमरान कुरेशी, प्रकाशचन्द टेलर, बजरंगसिंह राठौड़, रमेशचंद बगेरिया, नंदकुमार गौड, जितकंवर, राजेन्द्र टेलर, सुनील शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रदेश में अव्वल रहे खान का जी-क्लब में हुआ स्वागत



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के खान मोहल्ला निवासी नावेद खान पुत्र शफीक खान ने 25 सित बर को इण्डियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के तहत राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा उदयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। खान की इस उपलब्धि पर पूरे शहर को नाज है। खान के कुचामन पहुंचने पर डीडवाना रोड प्रेरणा टॉवर स्थित जी-क्लब में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जी-क्लब प्रोपराइटर फहीम पठान, इमरान पठान, शफीक खान, नवल नेहरा, राहू नेहरा, दाऊद खान, बनवारी बुगालिया, पूनम बिश्नोई, देवेन्द्र राठौड़, सूर्य प्रकाश, रवीन्द्र राठौड़, तेजवीर सिंह, अखिलेश यादव व सोहेल कुरैशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# दरियाव वेयरहाउस का समारोहपूर्वक किया उद्घाटन

### डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा, पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा रहे मौजूद

**वेयर हाउस में करीब 2.5 लाख कट्टे रखने की क्षमत**

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी शहर के गोटन रोड पर दरियाव वेयरहाउस का रविवार को समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डेगाना के विधायक विजयपाल मिर्धा मेड़ता के पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, गांधी दर्शन के जिला संयोजक जगदीश नारायण शर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व प्रधान व जाट विश्राम स्थली पुष्कर अध्यक्ष कैलाश मण्डा, प्रमोद मण्डा द्वारा अतिथियों का माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा ने कहा कि मेड़तासिटी क्षेत्र कृषि के क्षेत्र में लगातार विकसित हो रहा है ऐसे में विभिन्न तरह की कृषि जिंसों के भंडारण के लिए दरियाव वेयरहाउस का निर्माण काफी फायदेमंद होगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार भी किसानों के लिए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है ताकि हर तबके का व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

# माहेश्वरी समाज ने किया डांडिया व गरबा नृत्य



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** माहेश्वरी नवयुवक मंडल व महिला मंडल की ओर से दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन माहेश्वरी भवन में शनिवार रात्रि से शुरू हुआ। माहेश्वरी समाज के राकेश करवा ने बताया कि नवरात्रा के मौके पर गरबा रमवा आवो के नाम से गरबा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां दुर्गा के समक्ष समाज अध्यक्ष राधेश्याम करवा, द्वारका प्रसाद हेड़ा, बीरदीचंद तोषनीवाल, महिला मंडल अध्यक्ष रितु तोषनीवाल, रतनलाल खटोड़, रमेश करवा, सुरेशचंद तापड़िया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष राकेश खटोड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर माता रानी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रात्रि 8 बजे से शुरू हुए गरबा महोत्सव रात्रि 11 बजे तक चला। महिलाओं व बालिकाओ ने पारंपिक पोशाक पहनकर माता रानी के भजनों पर आकर्षक गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सुमित्रा सारड़ा, पुष्पा करवा, निशा बांगड़, किरण सोनी, पिंकी तोषनीवाल सहित महिलाएं पुरुष व बालिकाएं मौजूद रही।

# अधिकारी बन लौटी रक्षिता का किया स्वागत

सुनील सोनी



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** नेवी में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयन होने के बाद एक प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में 1 महीने का प्रशिक्षण पूर्ण कर पुन: घर लौटने पर रक्षिता राठौड़ का स्वागत किया गया। मोती सिंह रुणिजा ने बताया कि रक्षिता राठौड़ निकटवर्ती गांव खानपुर के राजेंद्र सिंह राठौड़ की सुपुत्री है। रक्षिता के माता-पिता दोनों शिक्षक हैं। रक्षिता का नेवी में सब लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने पर 1 महीने का प्रशिक्षण पूर्ण कर आज रविवार को पुन: घर लौटी। कॉलोनी वासियों ने रक्षिता का बहुत ही गर्मजोशी से स्वागत किया। रक्षिता के माता- पिता राजेंद्र सिंह राठौड़ एवं पुष्पा रानी ने सभी का मुंह मीठा करवाया।

# गांधी व शास्त्री के व्यक्तित्व व कृतित्व को किया नमन

## कुचामन में कांग्रेसियों ने सादगी के साथ मनाई गांधी व शास्त्री जयन्ती

### अधिकारियों के साथ स्कूली विद्यार्थियों ने भी लिया भाग

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को शांति व अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास और सादगी के साथ मनाया गया। प्रार्थना सभा में राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा महात्मा गांधी का प्रिय भजन राम धुन- 'रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम', 'वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जाने रे', 'होंगे कामयाब हम होंगे कामयाब' जैसे गीत द्वारा संगीत में माधुर्य के साथ प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अपने संबोधन में उपखंड अधिकारी बाबूलाल जाट ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए आदर्शों को प्रत्येक दिन के जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया। इसी क्रम में अपने उद्बोधन में नगर परिषद के सभापति आसिफ खान ने महात्मा गांधी के आदर्शों को व उनके द्वारा किए गए शांति और अहिंसा आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को देश प्रेम की भावना के साथ महात्मा गांधी के बताए हुए आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी बाबूलाल जाट, तहसीलदार कुलदीप, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश चंद्र राय, उप ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश चौधरी सहित स्थानीय राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्राचार्य और अध्यापक, अध्यापिका और सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**ये रहे प्रार्थना सभा में मौजूद :** इसके पश्चात नगर कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में उद्यान परिसर में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा व पुष्पांजलि सभा में नगर परिषद के सभापति आसिफ खान, उपसभापति हेमराज चावला, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत, ब्लॉक अध्यक्ष शेरखान, वरिष्ठ कांग्रेसी दुर्गा राम चौधरी, जिला किसान प्रकोष्ठ के सचिव ईश्वर राम सोहू, मनोनीत पार्षद भंवर अली खान, कानाराम बुनकर, दीनदयाल कुमावत, पूजा सोनी, नगर परिषद के पार्षद सुभाष पावडिया, श्यामलाल बागड़ा, फूलचंद गोंद, अयूब अली, सुमन मेघवाल, इकराम भाटी, इमरान खान, संतोष मोहनपुरिया, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव मृदुला कोठारी, शेख नवाब, डॉक्टर नरेंद्र मोहनपुरिया, गंगा सिंह चौहान, मुकेश भाकर, इकबाल सोलंकी, मोहन राम, महिंद्र मोहनपुरिया सहित उपस्थित सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण करके अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनको सादर नमन किया गया और उनके सादा जीवन उच्च विचार पर नगर परिषद के उपसभापति हेमराज चावला ने उनके जीवन पर बहुत ही शानदार ढंग से प्रकाश डाला व उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# विशाल नवरात्र महोत्सव के तहत की मूर्ति स्थापना

सद्दाम रंगरेज

कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )। कस्बे सहित क्षेत्र में नवरात्र महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुरानी धान मण्डी के पास महावीर भवन नोहरे में बालक यंग सोसायटी के तत्वावधान में 15वां विशाल नवरात्र महोत्सव के तहत सातवें दिन रविवार को माता दुर्गा की मूर्ति स्थापना पूजा- अर्चना कर घर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। पंडित कन्हैया लाल शर्मा द्वारा मंत्रोचार के साथ मूर्ति स्थापना की व बनवारी लाल बागड़ा धर्म पत्नी सुशीला बागड़ा के साथ प्रथम पूजा की गई। मूर्ति स्थापना के बाद भव्य आरती का कार्यक्रम किया गया।

# मदर वर्ल्ड स्कूल में रही डांडिया व गरबे की धूम

मेहबूब खोखर



**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा क्षेत्र में राजकीय अस्पताल के पास संचालित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मदर वर्ल्ड स्कूल में नवरात्रि के उपलक्ष में सांस्कृति कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने डांडिया और गरबा हर्षोल्लास के साथ खेला। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से माँ दुर्गा की आरती के साथ संस्था के निदेशक प्रमोद सिंह ने किया। इसके बाद अलग-अलग कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। सभी कक्षाओं में ड्रेस प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता व गरबा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के निदेशक प्रमोद सिंह, प्रशासक प्रशान्त सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, व्यवस्थापक आमोद सिंह, एकेडमिक इंचार्ज फ़िरोज़ खान पठान मय समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# साधारण वस्त्रों में अद्भुत प्रतिभा के धनी थे गाँधी व शास्त्री : थालौड़

## मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनायी गाँधी व शास्त्री की जयंती

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणिया तथा प्राचार्य डॉ. एस.आर. कुमावत ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित तथा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़ ने गांधीजी की अहिंसा तथा सत्याग्रह की अवधारणा को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर लाल बहादुर - एक राजनीति सुचिता के शास्त्री विषय पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एस आर कुमावत ने गाँधी व शास्त्री जी की जीवनी से जुड़े रोचक प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि शास्त्री जी ने सादा जीवन-उच्च विचार के सिद्धांत पर चलते हुए भारतीय युवाओं में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे तथा गाँधी व शास्त्री साधारण वस्त्रों में अद्भुत प्रतिभा व व्यक्तित्व के धनी थे। इसी कारण देश उन्हें उनकी सादगी और कर्तव्यपरायणता के लिए याद करता है। इस अवसर पर डॉ. प्रतीक सोनी, सुरेश कुमार मिश्रा, बलवीर लोछब, जिज्ञासा जैन, ईश्वर राम बुगालिया, निकिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com